भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने वृक्षारोपण किया

गंगापुर सिटी । भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव के आदेश अनुसार एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल एवं पूर्व जिला महामंत्री मनोज बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहान पर प्रारंभ हुए एक पेड मां के नाम अभियान के साथ देश के जनमानस ने जोडकर प्रकृति संरक्षण को जन्मदिन की जिम्मेदारी मानकर जन आंदोलन बना दिया है। मिथलेश व्यास ने बताया कि प्रधानमंत्री की एक पेड मां के नाम मार्मिक अपील ने देशवासियों के दिलों को छू लिया और देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच अपने मां के प्रति अपने सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में पौधे आरोपित करने की होड लग गई है। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नागेश लोढी, शहर मंडल महामंत्री कमलेश महावर, मंडल उपाध्यक्ष विकास सैनी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवीण गोयल, गौरव मंगल सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा के बेहतर प्रबंध किए जाये: कलक्टर

■ जिला निष्पादन समिति की बैठक सम्पन्न

भरतपुर (निस)। भरतपुर जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए बेहतर क्रियान्वयन करने एवं विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई और अधिकारियों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2025 के तहत विद्यालयों की कक्षा 1 से 12 तक नामांकन दाखिला के लक्ष्य निर्धारित कर प्रगति लाये, साथ नामांकन रिपोर्ट शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा परिणाम 2025 की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार करने एवं संबंधित अध्यापकों से फीडबैक लिया जाए। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के शैक्षिक स्तर को अठाणी जिलों की श्रेणी में लाने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विद्यालयों में पौधारोपण कार्य को सौंदर्यकरण रूप दिया जाए, जिससे विद्यालय परिसर सुंदर हो सके। उन्होंने मिड डे मील एवं पन्नाधाय बाल गोपाल योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि बालक बालिकाओं को मिल्क पाउडर और खाद्यान्न वितरण करने में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं। उन्होंने इंदिरा महिला शक्ति फीस पुनर्भरण योजना और आर टी आई का फीडबैक लेते हुए संबंधित निजी स्कूलों में बच्चों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रकरणों के निस्तारण करने निर्देश दिए। उन्होंने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत विद्यालयों में बच्चों को प्रोत्साहित कर नॉमिनेशन में प्रगति लाये।

जिला कलक्टर ने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से अपने क्षेत्र में पीएमश्री विद्यालयों, महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम विद्यालयों, स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोठाम, मिशन स्टार्ट एवं आईसीटी योजना और बालिका शिक्षा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की स्थिति, प्रगति करने एवं केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विद्यार्थियों के लिए विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलेभर में जर्जर, आंगनबाडी केद्रों, स्कूलों ,पुल, चिकित्सालय, सरकारी एवं सार्वजनिक भवनों की पहचान के लिए विशेष टीमें गठित की गई है। यह टीमें लगातार केद्रों का निरीक्षण कर रही है और भवनों की स्थिति का मूल्यांकन कर रही है।

उन्होंने सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करें और आंगनबाडी केन्द्र, स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के बेहतर प्रबंध किए जायें।

बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनित कुमार शर्मा, डीईओ अतुल चतुर्वेदी, डीडी आईसीडीएस सिकरामाराम चोयल, सीबीईओ लखनपाल सिंह, रामफल मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संगठन को मजबूत करने पर चर्चा

भरतपुर (निस)। भरतपुर और डीग जिले के नवनियुक्त एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह सांखला एवं डीग जिले के जिला अध्यक्ष जितेंद्र जीतू यादव ने प्रदेश कांठोस कमेटी कार्यालय जयपुर में भरतपुर जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा से मुलाकात की। इस मौके पर दोनों जिलों से संबंधित एनएसयूआई संगठन की आगामी रणनीति एवं गठन से संबंधित सलाह मशविरा किया गया। भरतपुर एवं डीग के दोनों जिला अध्यक्षों ने इस मौके पर डीसीसी जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा का सूत की माला पहनाकर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सूपा ने नवनियुक्त जिला अध्यक्षों हरजीत सिंह सांखला एवं जितेंद्र जीतू यादव को शुभकामनाएं देते हुए संगठन हित में मजबूती से काम करने का आवाहन किया तथा शीघ्र ही जिले के समस्त ब्लॉकों का दौरा कर समर्पित तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने का भी आवाहन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांठोस कमेटी के प्रवक्ता योगेश सिंघल,देनप के प्रदेश सचिव अमित कुमार,गौरव यादव, मोनवीर फौजदार,अमरसिंह सांखला,अभय कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सार-समाचार

भरतपुर में रामलीला महोत्सव की तैयारी

भरतपुर (निस)। रामलीला समिति भरतपुर के तत्वावधान में 21 सितम्बर से 3 अक्टूबर 2025 तक आयोज्य श्री रामलीला महोत्सव को दिव्यता एवं भव्यतापूर्ण सफल बनाने हेतु ब्रजेश कौशिक की अध्यक्षता में समिति की कार्यकारिणी की बैठक पुराना लक्ष्मण मंदिर में स्थित समिति कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया। गणेश पूजन उप समिति के संयोजक मंत्री डॉ. निर्मल कुमार, मदनमोहन गुप्ता, रामचरित मानस पाठ के प्रतिदिन पठन हेतु सेवानिवृत शिक्षाविद ओमप्रकाश शर्मा व्यास को जिम्मेदारी सौंपी गई। लीला स्थल (पुराना लक्ष्मण मंदिर प्रांगण) के लिए संयोजक रेणुदीप गौड, जमुना प्रसाद शर्मा व मुकेश माहेश्वरी, निज स्थान हेतु अभिषेक शर्मा, प्रचार प्रसार हेतु महेश सिंघल, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता एडवोकेट, श्री राम बारात शोभायात्रा हेतु संयोजक समिति उपाध्यक्ष मोहन मित्तल, मदनमोहन गुप्ता, कृष्ण कुमार किस्सो, ओमप्रकाश गुप्ता, रावण वध लीला हेतु अठासेन शोभायात्रा समिति, रावण पुतला दहन हेतु ब्रजेश कौशिक, मदनमोहन गुप्ता, प्रसाद वितरण के लिए विवेक गुप्ता, शिवदयाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। धन (चंदा) इकठ्ठा करने हेतु समिति अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, उपाध्यक्ष मोहनलाल मित्तल के साथ कृष्ण कुमार किस्सो, ओमप्रकाश गुप्ता, चन्द्रशेखर लवानियां, जमुना प्रसाद शर्मा के संयोजन में दो उप समितियॉ बनाई गई जो अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ शहर के मुख्य बाजारों में व भगवत् प्रेमियों से चंदा राशि एकत्रित कर समिति को सौपेंगे।

खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर वह रही है चंबल नदी

करौली(निंसं.) करौली जिले के मंडरायल करणपुर क्षेत्र में चंबल नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार प्रात नदी का जलस्तर 167.340 मीटर दर्ज किया गया। यह खतरे के निशान 165 मीटर से करीब 2 मीटर ऊपर है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने नदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। मंडरायल क्षेत्र के रांचोली गांव की आबादी को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। टोडी गांव को भी पूरी तरह खाली करा लिया गया है।प्रशासन अन्य प्रभावित गांवों के निवासियों को भी सतर्क रहने और गांव छोड़ने के लिए समझाया जा रहा है। हालांकि कई ठामीण अभी भी गांव छोड़ने को तैयार नहीं हैं। बढ़ते खतरे को देखते हुए प्रशासन ने राहत व बचाव दलों को अलर्ट मोड पर रखा है। सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ सहित अन्य राहत एजेंसियों को तैनात किया गया है। मौके पर मंडरायल उपजिला कलेक्टर सुमन गुर्जर, तहसीलदार कमल चंद और पुलिस अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। इससे किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सकेगा।

प्रभावित गांवों में रेस्क्यु किये

करौली, (निंसं.) जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बुधवार को चम्बल नदी के बहाव क्षेत्र में आने वाले गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राचैली, मल्लापुरा, टोडी, कैम्प कच्छ, कसेड सहित अन्य गावों का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने गांव के लोगों से सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट होने की अपील की उन्होंने रसद विभाग के अधिकारी को स्थिति को देखते हुए पेयजल, भोजन, राशन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने पशुपालकों के लिए चारे की व्यवस्था करने की निर्देश भी दिये। उन्होंने सीएमएचओ को दवाईयों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि अभी चम्बल खतरे के निशान से ऊपर है पानी का स्तर बढने की संभावना है, अत: अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें। आमजन व ठामीणों को किसी भी प्रकार कि समस्या का सामना नही करना पडे। इस दौरान जिला कलक्टर ने विधायक हंसराज मीणा से प्रभावित गांवों के संबंध में चर्चा की एवं प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, उपखंड अधिकारी सुमन सिंह गुर्जर, मंडरायल तहसीलदार कमलचंद शर्मा उपस्थित रहे।

स्कूलों एवं आंगनबाडी केन्द्रों में आज अवकाश

करौल, (निंसं.) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर जिले में अतिवृष्टि को देखते हुए जिले में कक्षा 1 से 12 तक के राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों, अध्ययन छात्र छात्राओं एवं आंगनबाडी केन्द्रों में भी आज 31 जुलाई को बच्चों का अवकाश रहेगा। इस दौरान अधिकारी एवं कार्मिक स्कूल एवं आंगनबाडी केन्द्रों में यथावत कार्य करते रहेंगे।

भाविप शाखा सुभाष की आमसभा संपन्न

गंगापुर सिटी । भारत विकास परिषद शाखा सुभाष की आमसभा सचिव कृष्ण कुमार मंगल के नसिया कॉलोनी स्थित निवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री आदित्य भारद्वाज और महेशचंद शर्मा मौजूद रहे। शाखा के मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाली स्वतंत्रता सेनानी रैली में सहभागिता, राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता, वन विहार कार्यक्रम और संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय लिए गए। शाखा अध्यक्ष मदन मोहन गौतम, सचिव कृष्ण कुमार मंगल और कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों ने सभी निर्णयों पर अपनी सहमति व्यक्त की। इस मौके पर अशोक शर्मा, निखिल शर्मा, सुरेंद्र राजपूत, बालकृष्ण गर्ग, मुकेश बंसल, राजीव नरूका, गोपाल सरकंडी, नीतू धावाई, राजेन्द्र गुप्ता, सचिन शर्मा, विजय सिंह मीणा, सुरेश चंद शर्मा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

स्थापना दिवस समारोह मनाया

भरतपुर (निस)। भरतपुर में स्थित हनुमान सेवा ट्रस्ट का स्थापना दिवस समारोह स्थानीय गायत्री रिसोर्ट सारस चौराहे पर धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पंचमुखी हनुमान मंदिर पर प्रसादी चढाकर ब्राह्मणों द्वारा भोजन प्रसादी प्रारम्भ की गई। काफी संख्या में महिला, पुरूष व बच्चों ने बढ चढकर भाग लिया। इस परिवार द्वारा अतिथियों का माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे आरएसी के कमान्डेंट गनपत महावर एवं अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग आलोक उपाध्याय का विपिन गर्ग द्वारा पटका पहनाकर एवं राजेश गोयल द्वारा भगवान श्री द्वारिकाधीश जी की माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भारत शर्मा, आशीष इत्र वाले, कृष्णा कोठारी, पवन अठावाल, सुशील गोयल, नरेन्द्र गुप्ता, एडवोकेट दिनेश दूदूपुरा, नीरज गोयल, विनोद महावर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

एसडीएम ने पीएम श्री स्कूल के तीनों ब्लॉकों का किया निरीक्षण

■ विद्यालय में कक्षा कक्षो का निरिक्षण करते एसडीएम एवं प्रधानाचार्य

गंगापुर सिटी । बुधवार को उप जिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीणा ने कलेक्टर के निर्देश पर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल के तीनों ब्लॉक ए, बी और सी का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्रों को जर्जर और क्षतिग्रस्त कक्षा कक्षों में न बैठने की हिदायत दी। उन्होंने एक-एक कक्ष के अंदर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कई कमरों में छत की पट्टियां टूटी मिली तो कई कमरों में छत से बारिश का पानी टपकता मिला। स्कूल के ब्लॉक ए और बी तो काफी पुराने होने से जर्जर होने के साथ जीर्ण-क्षीर्ण हो चुके हैं। भवनों में पट्टियों के टूटने के साथ प्लास्टर भी छड रहा है। स्कूल में करीब 55 कमरे, हॉल हैं। इनमें से अधिकांश कंडम हो चुके हैं, आधे तो बैठने योग्य नहीं है, जो शेष कमरे बचे है उनमें भी 50 प्रतिशत कमरों में बारिश का पानी टपकता है।

स्कूल के प्रिंसिपल ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि जिन कक्षों में पानी टपकने की समस्या है, उनमें छात्रों को नहीं बैठाया जा रहा है। छात्रों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त कक्षा कक्षों और चारदीवारी की मरम्मत के प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने प्रधानाचार्य बैरवा से वस्तुस्थिति की रिपोर्ट उन्हें और उच्चाधिकारियों को भेजने के लिए कहा। साथ ही नए प्रस्ताव भी तैयार कर भेजने के लिए कहा। इस दौरान प्रधानाचार्य ने एसडीएम से ब्लॉक सी में भरने वाले पानी की समस्या के समाधान के लिए मिट्टी डलवाने और स्कूल के बाहर सडक के आगे टेपर बनाकर ऊंचा करने की एसडीएम से मांग करते हुए अवगत कराया कि विभाग द्वारा मांगी गई जानकारी भेज दी है।

कलेक्टर एवं एसपी का स्वागत

भरतपुर (निस)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान शाखा भरतपुर के संरक्षक भगवान सिंह एवं जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा के नेतृत्व में नव पदस्थापित जिला कलक्टर कमर चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द का संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ता भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा संस्थान की प्रान्तीय स्तर पर प्रकाशित की गई स्मारिका भी भेंट की गई। जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा संस्थान के सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं संगठन की गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली गई । इस अवसर पर संरझक्षक भगवान सिंह, हरी सिंह, जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिव गिरधारी गुप्ता, प्रवक्ता किशनलाल शर्मा, कार्यालय परशुराम शर्मा, सहसचिव भीमसिंह सोलंकी, सांस्कृतिक मंत्री श्याम सुन्दर शर्मा एवं सदस्य रामदयाल शर्मा उपस्थित रहे।

पानी निकासी व अतिक्रमण हटाने के निर्देश

भरतपुर (निस)। मानसूनी बारिश के कारण शहर में हुए जलभराव की स्थिति को देखते हुए भरतपुर विकास प्राधिकरण के कमिश्नर कनिष्क कटारिया ने शहर का निरीक्षण किया और जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पानी निकासी के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में कराए जा रहे सौंदर्यकरण कार्यों की भी समीक्षा की और अतिक्रमण हटाकर सड़कों की चौड़ाई करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी एजेंसियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

भरतपुर में सुबह से ही बारिश हो रही है . बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है.शहर की सड़कों के साथ कही कॉलोनी जलमग्न हो गई है.किसान भवन के सामने की सड़क तालाब बनने के साथ साथ संभागीय आयुक्त कार्यालय और निवास के सामने पानी जमा हो गया है.मुख्यमंत्री जनसुनवाई केंद्र के मुख्य द्वार पर भी बारिश के पानी जमा होने से परेशानी खड़ी हो गई है.

शहर में जलभराव की स्थिति को देखते हुए भरतपुर विकास प्राधिकरण (ठक्ष्) के कमिश्नर कनिष्क कटारिया ने शहर का निरीक्षण किया और जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पानी निकासी के निर्देश दिए।शहर में सड़कों की चौड़ाई के दौरान अतिक्रमण को जल्द हटाने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा है कि शहर में कराए जा रहे सौंदर्यकरण कार्यों को जल्द पूरा होगा इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं ।

हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कावड़िए, शिवजी का अभिषेक

■ कावड़ियों का एक जत्था बैंड बाजे व डीजे की धुनों पर नाचते गाते हुए

करौली, (निंसं.) रुग्घापुरा गांव में मंगलवार को हरिद्वार के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल से गंगा जल के रूप में कांवड़ लेकर आया कावड़ियों का एक जत्था बैंड बाजे व डीजे की धुनो पर नाचते गाते हुए कस्बे के रुग्घापुरा गांव स्थित कुशलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। जहां कांवडियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इससे पूर्व विधि विधान पंडितजी ने वैदिक उच्चारण के साथ महादेवजी की पूजा की।

इस दौरान जयकारों से माहौल धर्ममय हो गया। उसके बाद कावड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे गूंज उठे। कावड़ियों का जत्था डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए कस्बे में होकर गुजरा। जहां लोगों ने उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कांवड़िए रामजीवन बैंसला, बल्लीराम फौजी, वृन्दावन फौजी और पिंटू बैंसला सहित रुग्घापुरा से कांवडियों का एक जत्था 23 जुलाई को हरिद्वार में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के लिए रवाना हुआ। जो वहां से जल भरकर मंगलवार को सुबह रुग्घापुरा गांव पहुंचा और कुशलेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया।

खूटला गांव में लगाया जागरूकता शिविर

गंगापुर सिटी । खूंटला गांव में दलित अधिकार केंद्र के नेतृत्व में सामाजिक और आर्थिक विकास की योजनाओं पर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्र के जिला सह-समन्वयक मनोज कुमार ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। मनोज कुमार ने बताया कि दलित अधिकार केंद्र पिछले 20 वर्षों से मानव अधिकारों और दलितों के हितों के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में दलित और गरीब लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। इससे उनका विकास अवरुद्ध हो जाता है। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें मनरेगा, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना और पीएम आवास योजना शामिल थीं।

सरकार और प्रशासन में पहले ध्यान दिया होता तो विद्यालयों की स्थिति यह नहीं होती

करौली, (निंसं.) सरकारी विद्यालयों के भवनों के निर्माण के समय यदि प्रशासन और सरकार ने ध्यान दिया होता तो आज सरकारी विद्यालय भवनों की खस्ता हालत देखने को नहीं मिलती। इन दिनों जैसे-जैसे वर्षा का दौर बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे ही सरकारी विद्यालयों के भवनों के निर्माण की पोल खुल कर सामने आती देखी जा रही है ना ही सरकारी विद्यालय भवनों के गिरने या छत टूटने से होने वाली जनहानि होती हालांकि जन्म मृत्यु ईश्वर की लीला है लेकिन एक तो मृत्यु होती है।

जिसका लोगों को कष्टदायक नहीं हो और एक वह मृत्यु हो जो हाल ही में झालावाड़ जिले के सरकारी विद्यालय के भवन की छत गिरने से साथ मासूम स्कूली बालकों की दबने से दर्दनाक मृत्यु हुई हो जिस हादसे ने मृतक मासूमों के परिवारजन ही नहीं आमजन के हृदय को हिला कर रख दिया इसके साथ ही सरकार और सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचारी मुखौटा की पोल खोल कर सामने आ गई यह आज आम चर्चा है लोगों के मुंह से सुना जा रहा है कि सरकारी विद्यालय भवनों का जब निर्माण हुआ तब सरकार और सरकारी तंत्र कहां चला गया उस समय भवनो के घटिया निर्माण कार्यों की जांच क्यों नहीं कराई आज सरकारी विद्यालयों के भवन निर्माण पर तरह-तरह के प्रश्न खड़े होते देखे जा रहे हैं लोगों में चर्चा है कि कमीशन खोरी के चलते जो निर्माण कार्य होने चाहिए थे वह निर्माण कार्य नहीं हुए प्रणाम सामने आने लगे हैं जिले में ही नहीं पूरे प्रदेश भर से समाचार मिल रहे हैं कि सरकारी विद्यालयों के भवनो की हालत बहुत खस्ता है यही नहीं इन दिनों चल रहे बरसात के दौर में विद्यालयों के भवनो की छत एवं दीवारें गिरने की खबरें लगातार आ रही हैं जिन खबरों से अब तो शासन, प्रशासन के कान खड़े होते देखे जा रहे हैं और सभी सरकारी विद्यालयों के भवनो की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है जिसके मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने आदेश भी जारी किए है।

रेंज आईजी ने करौली का दौरा किया

करौली । भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश बिश्नोई ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के पुलिस अधिकारियों की कानून व्यवस्था को लेकर बैठक ली। बुधवार को भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक कैलाश बिश्नोई के करौली पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर वही जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने गुलदस्ता भेंट कर अगवानी की वही पुलिस महानिरीक्षक ने जिले के पुलिस अधिकारियों की कानून व्यवस्था को लेकर बैठक ली।

बडी उदेई में आयोजित हुआ किसान सेमिनार, बताए खेती के गुर

गंगापुर सिटी । उपखंड के ग्राम बडी उदेई में बुधवार को किसान सेमिनार का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय प्रशिक्षण प्रमुख शंकर लाल रहे। इस अवसर पर मंच पर प्रांत गौ सेवा प्रमुख अशोक गुप्ता, डॉ. हेमंत शर्मा, उमेश शर्मा, समय सिंह (सह विभाग कार्यवाह), रामविलास (विभाग गौ सेवा संयोजक), गोपाल शर्मा (कृषि अधिकारी) सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बडी संख्या में ग्रामीण किसान, गौ सेवक एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर जिला गौ सेवा प्रमुख राजेश खंडेलवाल, ग्रामीण गौ सेवा संयोजक महेश चंद्र, विभाग प्रचारक दीपक, जिला प्रचारक सचिन, रमेश तिवारी एवं पूरण जाट सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता शंकर लाल जी ने अपने उद्बोधन में गोवंश संरक्षण एवं उसके धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गोवंश के मात्र एक ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड तक जीवाणु पाए जाते हैं, जो कछुओं की खुराक बनकर मिट्टी को उपजाऊ और मखमली बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि गाय संपूर्ण परिवार के लिए एक फैमिली डॉक्टर के समान है, जो अनेक रोगों को दूर करने में सक्षम है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का आ ान करते हुए बताया कि बैल की खेती पर सरकार 30,000 तक की सब्सिडी प्रदान करती है।

बूथ लेवल अधिकारियों को गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण

करौली, (निंसं.) निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी प्रेमराज मीणा ने बताया कि मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र करौली हेतु नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों, पर्यवेक्षकों का 50-50 के बैच में भाग संख्या 151 से 200 तक का पंचायत समिति सभागार करौली में बुधवार को जिला स्तरीय व विधान सभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण में बूथ लेवल अधिकारियों को बताया गया कि वर्तमान मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, उनका सत्यापन किया जाना है। सभी मतदाताओं से गणना फार्म भरवाने की प्रक्रिया के बारे में पीपीटी के माध्यम से बताया गया। समस्त बीएलओ, सुपरवाईजर्स को मनीष पाठक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, रविन्द्र सिंह धनवाल, विजेन्द्र प्रसाद शर्मा, घनश्याम जाटव, शैलेन्द्र कुमार बागोरिया, लखन लाल माली विधान सभा सतरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं डाउट सैशन में सम्बंधित के डाउट क्लीयर किये गये। इस अवसर पर तहसीलदार चुनाव अब्दुल कवि, चुनाव प्रभारी नन्दकिशोर व्यास एवं सहायक प्रोठामर विजय सिंह मीना आदि मौजूद रहे।

बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा, कई दिन की गर्मी व उमस से मिली लोगों को राहत

गंगापुर सिटी । गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्रों में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। पिछले दो दिनों से लगातार अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग द्वारा रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद कलेक्टर ने बुधवार और गुरुवार को स्कूलों और आंगनबाडी केंद्रों में अवकाश घोषित कर दिया है। बुधवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और रिमझिम फुहारें पडती रहीं। दोपहर 12 बजे के बाद बादल और घने हो गए और जोरदार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई जिससे सडकों पर पानी बह निकला। बारिश के दौरान आसमान में बिजलियां कडकती रहीं और बादलों की गर्जना होती रही। नया बाजार और फव्वारा चौक पर बारिश का पानी भर गया। बुधवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और रिमझिम फुहारें आती रहीं। दोपहर 1.30 बजे के बाद बादल छाने के साथ बारिश तेज हो गई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई। बुधवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। बारिश के दौरान आसमान में बिजलियां कडकती रहीं और बादलों की गर्जना भी होती रही।

तहसील सूत्रों के अनुसार, अब तक गंगापुर सिटी में 494 मिमी, वजीरपुर में 419 मिमी और तलावडा में 649 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बारिश के बाद सडकों पर पानी बह निकला। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। बारिश से नया बाजार, देवी स्टोर चौराहा, फब्बारा चौक, सालोदा क्षैत्र, उदेई मोड आदि जगहो सहित निचली बस्तियो में पानी भर गया जिससे जन जीवन प्रभावित हो गया । मोरेल नदी में उफान आने से टिगरिया एनिकट डूबा

बुधवार को तेज बारिश से बरनाला तहसील और आसपास के इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई जगह जलभराव हो गया। मोरेल नदी में उफान से टिगरिया गांव का एनिकट डूब गया। दौसा जिले के लालसोट स्थित मोरेल बांध से छोडे गए पानी से नदी का जलस्तर लगातार बढता गया। टिगरिया-निमोद मार्ग पर स्थित मोरेल पुलिया पर दो फीट से ज्यादा पानी बहने लगा। जनहानि की आशंका को देखते हुए सुबह स्थानीय लोगों ने मुख्य सडक पर कंटीले अवरोधक लगाकर रास्ता बंद कर दिया। इससे टिगरिया और निमोद के बीच संपर्क टूट गया। 20 से ज्यादा गांवों का संपर्क अन्य इलाकों से कट गया। सुंदरी गांव में नहर और नाले उफान पर आ गए। बरनाला मुख्यालय पर भरणा तालाब ओवरफ्लो हो गया। बाटोदा में बोहरा जी तालाब और मुख्य सडक पानी से लबालब हो गई। बिछौछ गांव की सडकें दरिया बन गईं। जीवद गांव की नदी तेज बहाव के साथ बहती रही। रामसिंहपुरा गांव के सभी तालाब और तलैया भी उफान पर दिखे। बारिश से गांवों में कीचड फैल गया। इससे कुछ हद तक गर्मी से राहत मिली। कुछ मकानों में पानी घुसने की खबर मिली। कई जगह लोगों की लापरवाही भी सामने आई। टिगरिया-निमोद पुलिया और बाटोदा-मलारना डूंगर मोरेल पुलिया पर कुछ युवक तेज बहाव में खेलते नजर आए। बरनाला तहसीलदार राकेश मीणा एक्टिव मोड में हैं। वर्तमान में बाटोदा के पास पानी निकासी का कार्य करवा रहे हैं।

शान निराली आके देखो कितना ये ज़ीशान है, 786/92 चाँदी की जाली में सोया मेवाड़ी सुल्तान है।

कुतबे ज़माना हज़रत विलायत अली शाह साहब उर्फ



दीवाना शाह साहब र. अ. का 84वां उर्स शरीफ

तारीखे उर्स : 6 सफर 1447 हिजरी, मुताबिक 01 अगस्त 2025 शुक्रवार (जुम्आ) से शुरू होकर 8 सफर 1447 हिजरी, मुताबिक 03 अगस्त 2025 बरोज रविवार सुबह कुल की फातेहा होगी। लिहाजा शिरकते उर्स फरमाकर फैज़याब हों और अपना दामने उम्मीद भरें।

मिनजानिब :-वक्फ कमेटी, दरगाह शरीफ, दीवाना नगर, कपासन, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) Phone No. : 01476-294212, 230212